**विवाद** सोशल मीडिया पर टिप्पणी को लेकर विवाद, पति समेत दोनों पक्षों के लोग भी घायल

# नरसिंहपुर के मालीवाड़ा में महिला पर फायरिंग

- फेसबुक विवाद के बाद फायरिंग और पत्थरबाजी
- ऋषिराज और गिरवर पटेल के परिवार लहूलुहान
- जमकर चलीं गोलियां, तीन लोग जबलपुर रेफर



**नवभारत/नरसिंहपुर/ गोटेगाँव** थाना क्षेत्र के मालीवाड़ा गांव में एक महिला पर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस हमले में महिला को तीन गोलियां लगी हैं, जबकि उनके पति भी घायल हुए हैं। आरोपियों पर पत्थरबाजी और लूट का भी आरोप है। यह घटना कथित तौर पर सोशल मीडिया पर बेटियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर चल रहे पुराने विवाद का परिणाम है। पीड़िता सविता पटेल ने आरोप लगाया है कि रिमझा चौराहे पर शुभम पटेल से उनके पति ऋषिराज पटेल का विवाद हुआ था। जब सविता बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनकी गाड़ी पर मिर्ची फेंकी। पति के बाहर आने पर उनके साथ झूमाझटकी और मारपीट की गई। वहां से घर लौटते समय रास्ते में गिरवर पटेल ने बुलेट मोटरसाइकिल से उनकी गाड़ी रोकी और पत्थरबाजी शुरू कर दी। सविता पटेल के अनुसार, गिरवर पटेल, देवम पटेल, शुभम पटेल और अन्य लोगों ने मिलकर उन पर हमला किया। इसी दौरान एक आरोपी ने कथित तौर पर देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। फायरिंग में सविता पटेल के हाथ और पैर में तीन गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके पति ऋषिराज पटेल को भी पत्थर लगने से चोट आई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और पति के साथ मारपीट की। सविता पटेल ने बताया कि यह विवाद काफी समय से चल रहा था। आरोपियों द्वारा उनकी बेटियों के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही थीं, जिसके कारण तनाव बढ़ गया था। उन्होंने पहले भी धमकियां मिलने की बात कही। पीड़िता ने नीलेश पटेल (नरवारा), गिरवर पटेल, शुभम पटेल, देवम पटेल और हीरा भाई को इस मामले में आरोपी बताया है। घटना के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है और कार्रवाई की मांग की गई है। गोटेगाँव थाना एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि दो पक्षों के पारिवारिक बीच विवाद हुआ था, जिसमें एक पक्ष से गिरवर पटेल और दूसरे पक्ष से सविता पटेल (पत्नी ऋषिराज) घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार हेतु भेजा गया है मौके पर पहुंचकर पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

**ऋषिराज पटेल ने की फायरिंग**

वहीं दूसरे पक्ष के गिरवर पटेल का कहना है कि उन पर ऋषिराज पटेल ने फायरिंग की, जिससे उनके पैर में गोली लगी। गिरवर के मुताबिक उनका बेटा शुभम रास्ते में जा रहा था, तभी ऋषिराज और उनके साथियों ने उसे रोककर मारपीट की। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और पति के साथ मारपीट की। सविता पटेल ने बताया कि यह विवाद काफी समय से चल रहा था। आरोपियों द्वारा उनकी बेटियों के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही थीं, जिसके कारण तनाव बढ़ गया था। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे, जहां उनके साथ भी हमला किया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, फायरिंग और सोने की चैन छीनने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची।



## बिजली व्यवस्था की लापरवाही से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**नवभारत/ गाडरवारा।** (कौड़ियां क्षेत्र)- ग्राम केकरा में बिजली व्यवस्था की लापरवाही से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गांव में कई स्थानों पर बिजली के तार बेहद नीचे लटके हुए हैं, जिससे किसानों और ग्रामीणों को गंभीर खतरे का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में ट्रैक्टर-ट्राली निकालते समय उन्हें खुद बांस के सहारे तारों को ऊपर उठाना पड़ता है। इस दौरान कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बताया जा रहा है कि कई बार विद्युत विभाग को मौखिक शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। हाल ही में एक बिजली का खंभा गिर गया, जिसके बाद संबंधित किसान से 5000 की राशि वसूली गई, लेकिन उसकी कोई रसीद नहीं दी गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द तारों को ऊंचा किया जाए, खंभों की मरम्मत की जाए और वसूली गई राशि की जांच हो।

# पुस्तक मेले में पहुंचे केवल दो ही विक्रेता



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** एक ही छत के नीचे शासकीय और प्राइवेट स्कूलों के छात्रों को रियायत दरों पर पुस्तकें और कापियां स्कूल ड्रेसें और सामग्री उपलब्ध हो लेकर शासन द्वारा पुस्तक मेलों की अभिनव पहल की जा रही है। लेकिन प्राइवेट स्कूलों और निजी प्रकाशनों के विक्रेताओं की मोनोपाली मनमानी के चलते इस पहल पर पलीता लगता हुआ नजर आ रहा है। मंगलवार को तेंदूखेड़ा के शासकीय कन्या विद्यालय के दो कक्षों में लगे इस मेले में मात्र दो ही दुकानदार अपनी दुकानें लेकर पहुंचे जिसमें केवल पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तकें और कापियां देखनें को मिली जबकि क्षेत्र में चलने वाले विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में चलने वाली निजी प्रकाशनों की पुस्तकें नदारत मिलीं। और विभिन्न स्कूलों की ड्रेसें भी देखनें नहीं मिलीं।साथ ही इन विद्यालयों के द्वारा मेले लगने के चंद घंटे पूर्व ही निजी प्रकाशनों की पुस्तकों की सूचियां भेजी लेकिन विक्रेताओं के पास उपलब्ध नहीं थी। मेले में पहुंचे अविभावकों का कहना था कि प्राइवेट स्कूलों की पुस्तकें और ड्रेसें भी उपलब्ध कराईं जानी चाहिए थी क्योंकि निजी स्कूल संचालकों द्वारा स्कूलों में ही या किसी एक ही दुकान से पुस्तकें खरीदने के लिए विवश किया जाता है।

### नहीं चलने देंगे मनमानी

मेले में अचानक विकास खंड के अधिकारियों के साथ मेले में पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी डा अनिल कुशवाहा ने जायजा लेते हुए तत्काल प्रभाव से निजी स्कूल संचालकों को मेले में बुलाने के साथ निजी प्रकाशनों की सूची और सभी प्रकार की ड्रेसें उजागर करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी प्रकाशनों और संचालकों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन स्कूलों में जाकर स्वयं औचक निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की कोई अनियमिता पाई जाती है तो तत्काल प्रभाव से उचित दंडात्मक कार्यवाही करें।

### जून माह में फिर से लगेंगे मेले

मेले में दुकानों की संख्या और सभी स्कूलों की सभी प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध ना होने पर ऐतराज जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आगामी जून माह में फिर से तैयारी के साथ दो दिवसीय वृहद स्तर पर मेला लगाया जायेगा। और क्षेत्र तथा बाहर के भी विक्रेताओं को आमंत्रित किया जायेगा। इस मौके पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी बी आर सी सुनील श्रीवास्तव प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा राजेश सेन अशोक रघुवंशी जगदीश साहू जितेंद्र शर्मा नितिन चौरसिया मनोज शर्मा सहित जनशिक्षक विद्यालयों शिक्षक उपस्थित थे।




## विधायक ने विधान में शामिल होकर किया आरती वंदन

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस डोभी में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में पधारे क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने शामिल होकर पूजन अर्चन और श्री जी की आरती वंदन किया।सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा विधायक का सम्मान किया।इस मौके पर सहायक अभियंता गाडरवारा पी के लोधी जेई प्रतिभा पारदे वंदना पटेल नेतराज सिंह अमर सिंह पटेल बलराम बाठा गेंदालाल बाठा धनीराम शर्मा कमलेश पटेल महादेव सुरेश पटेल सोनू सोनी कमलेश शर्मा सौरभ पटेल पवन विश्वकर्मा मनीष बाठाआदि उपस्थित थे।

# रिहायशी इलाके में शराब दुकान खोलने का पुरजोर विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/ साईंखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 01 (महाराणा प्रताप वार्ड) में आगामी सत्र 2026-27 के लिए प्रस्तावित शराब दुकान नंबर 02 के स्थान चयन को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों का तर्क है कि जिस स्थान पर दुकान प्रस्तावित की गई है, वह न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, बल्कि वहां सैकड़ों छात्र-छात्राओं का आवागमन भी रहता है। इस संबंध में नगर के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिला दंडाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपकर दुकान का स्थान तत्काल बदलने की मांग की है। विरोध के मुख्य कारण- आस्था और सुरक्षा पर संकट ज्ञापन में नागरिकों ने पांच प्रमुख बिंदुओं के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कराई है प्राचीन मंदिरों की समीपता प्रस्तावित दुकान के ठीक पीछे 100 साल पुराना ऐतिहासिक हनुमान मंदिर स्थित है। इसके अलावा, पास ही विश्व विख्यात दादा जी श्री धूनीवाले का मंदिर और श्री दादा जी बरिया वाले का पवित्र स्थान है, जहाँ वर्ष भर लाखों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। शक्ति माता मंदिर दुकान स्थल से मात्र 100 मीटर की दूरी पर शक्ति माता का मंदिर है, जहाँ प्रतिवर्ष %ज्वारे% स्थापना जैसे बड़े धार्मिक आयोजन होते हैं। शराब दुकान होने से यहाँ की पवित्रता भंग होने की आशंका है। शिक्षा पर बुरा प्रभाव दुकान के पास ही नगर का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट्रल पब्लिक एकेडमी



117

श्रीमान जिला दण्डाधिकारी महोदय जी,
जिला नरसिंहपुर

विषय-नए सत्र में शराब दुकान साईखेड़ा क.02 का स्थान परिवर्तित करने बाबत्।

मान्यवर,

[illegible]

अतः आपसे विनम्र आग्रह है कि समाज एवं बच्चों के हित को ध्यान में रखते [illegible] की कृपा करें।

स्थान-साईखेड़ा
दिनांक 07/04/2026

संचालित है। स्कूल में कुल 1120 विद्यार्थी पड़ते हैं, जिनमें से लगभग 350 छात्राएं पैदल इसी मार्ग से गुजरती हैं। अभिभावकों का कहना है कि शराब दुकान खुलने से बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ेगी और उन पर मानसिक रूप से बुरा प्रभाव पड़ेगा।प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग नगरवासियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि महाराणा प्रताप वार्ड में शराब दुकान का निर्धारण जनहित के विरुद्ध है। यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो नगर में सामाजिक प्रतिरोध और बढ़ सकता है। ज्ञापन सौंपने नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और वार्ड वासी शामिल रहे। नागरिकों ने विनम्र आग्रह किया है कि समाज और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शराब दुकान नंबर 02 को किसी गैर-रिहायशी इलाके में स्थानांतरित किया जाए।

# भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत/ गोटेगांव।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत ने प्रदेश के किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने से किसानों में भारी रोष है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ ने बताया कि सहकारी बैंकों द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण जमा करने की तिथि 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाई गई, जबकि गेहूं खरीदी 10 अप्रैल से शुरू हो रही है। ऐसे में करीब 60 प्रतिशत किसान समय पर पैसा जमा न कर पाने के कारण डिफॉल्टर हो गए हैं और उन पर ब्याज व दंड का अतिरिक्त बोझ आ गया है। साथ ही, पराली जलाने पर किसानों पर प्राथमिकी दर्ज करने और अर्थदंड लगाने की कार्रवाई को अनुचित बताते हुए सरकार को चेतावनी दी गई है कि जब तक पराली निष्पादन का स्थाई हल न निकले, तब तक किसानों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। किसानों ने मांग की है कि इस वर्ष गेहूं का बंपर उत्पादन हुआ है, इसलिए सरकार को 11 क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से खरीदी करनी चाहिए।

**एक नजर में**



## एबीवीपी की पहल लाई रंग, कन्या शाला की बाउंड्री वॉल के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत

**नवभारत/ गोटेगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की पहल से नगर के बैलहाई स्थित रानी अवंती बाई लोधी कन्या शाला में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर बड़ी सफलता मिली है। परिषद द्वारा पूर्व में विद्यालय परिसर में पक्की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु सौंपे गए ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस निर्णय से विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर रोक लगेगी। छात्राओं को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बाउंड्री वॉल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि परिषद छात्राओं की सुरक्षा और उनके हितों के संरक्षण के लिए भविष्य में भी निरंतर कार्य करती रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र नेता और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## सर्व ब्राह्मण समाज की नगर कार्यकारिणी का गठन,भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां तेज

**गोटेगांव।** स्थानीय श्रीदेव रामचंद्र ब्रह्मचारी मंदिर में सर्व ब्राह्मण सभा की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम के पूजन से किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भगवान परशुराम भवन निर्माण की समीक्षा की गई और आगामी 19 अप्रैल को जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाने की योजना तैयार की गई ।माज के वरिष्ठ जनों और युवा पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस वर्ष जन्मोत्सव के चल समारोह के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। सभा द्वारा सर्वसम्मति से नगर मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें पंडित सत्यनारायण मिश्रा को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नगर उपाध्यक्ष के रूप में विक्की तिवारी, बसंत दुबे, लखनलाल उपम्मन, अजय तिवारी, नीरज दुबे और दीपक पांडे को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही सुरेंद्र दुबे को सचिव, पंकज शुक्ला व विष्णु दत्त दुबे को कोषाध्यक्ष, मनीष मिश्रा व राहुल खेमरिया को मीडिया प्रभारी तथा ओम दुबे व राकेश शर्मा को सोशल मीडिया और प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त मनोनीत पार्षद बसंत उपाध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तिवारी का आत्मीय स्वागत किया गया। महासभा ने आगामी समय में विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामों में इकाई गठन का निर्णय लिया है। इस अवसर पर संरक्षक मंडल के संतोष कुमार दुबे, नंदराम पाठक, हरनारायण तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। संचालन डॉ. जितेंद्र चौबे एवं आभार प्रदर्शन आशीष दुबे द्वारा किया गया।

## साईखेड़ा नगर परिषद में शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित

**नरसिंहपुर।** जिले की नगर परिषद साईखेड़ा में शिकायत निवारण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सीवर परियोजना एवं नर्मदा पेयजल योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सांईखेड़ा जय प्रकाश रजक ने बताया कि नगर में जिन घरों में अब तक पानी के कनेक्शन नहीं हो पाए हैं, उन्हें चिन्हित कर शीघ्र कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, ताकि हर घर तक पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में परियोजना प्रबंधक पीआईयू जबलपुर गोपाल गुप्ता ने कहा कि सीवर लाइन के कनेक्शनों का कार्य शेष है, उन्हें नगर पालिका अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। साथ ही योजनाओं से संबंधित लंबित सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं।




## श्री सत्यसाईं बाबा की छह दिवसीय दिव्य कथा का शुभारंभ

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर के शिक्षक कॉलोनी क्षेत्र में शनिवार, 04 अप्रैल से श्री सत्यसाईं बाबा की छह दिवसीय दिव्य कथा का विधि-विधान से शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण निर्मित है। कथा के प्रथम दिन से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। इंदौर से पधारे विख्यात कथा वाचक राजेंद्र प्रसाद चौरे द्वारा अपने मुखारविंद से श्री सत्यसाईं बाबा की महिमा और दिव्य कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के माध्यम से भक्ति, सेवा, त्याग और मानवता के संदेशों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रवचन माला का आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्री सत्यसाईं सेवा समिति गोटेगांव द्वारा समस्त नगरवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य कथा का लाभ प्राप्त करें।

# किसानों ने विद्युत समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नवभारत/ गाडरवारा।** (चीचली राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के नेतृत्व में किसानों ने विद्युत विभाग की लापरवाही और अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर चीचली विद्युत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। युवा किसान नेता आनंद कौरव के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन, जिसमें किसानों की प्रमुख समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा गया। किसानों की प्रमुख समस्याएं सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलना खाद की समय पर उपलब्धता में दिक्कत फसल बेचने के लिए लंबी लाइनों में इंतजार प्राकृतिक आपदाओं से लगातार नुकसान जर्जर बिजली लाइनों से खेतों में आग लगने का खतरा किसानों की मुख्य मांगें गर्मी सीजन की मूंग फसल के लिए कम से कम 10 घंटे बिजली दी जाए सुधार कार्य के दौरान कटौती होने पर अतिरिक्त बिजली सप्लाई दी जाए जले ट्रांसफार्मर को 72 घंटे के भीतर बदला जाए किसान खुद ट्रांसफार्मर लाएं तो आवागमन खर्च दिया जाए खेतों के ऊपर से गुजर रही पुरानी व झूलती बिजली लाइनें तुरंत बदली जाएं सभी सब-स्टेशन पर फोन नंबर जारी किए जाएं 5 ।।क्रमोटरों को ज्यादा क्षमता बताकर बढ़ाए जा रहे मनमाने बिजली बिलों में सुधार किया जा किसानों ने साफ कहा है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान चौधरी आनंद सिंह, खेत सिंह पटेल, आशीष पटेल, पप्पू भैया (सरपंच), कुंबर जी, बाबूलाल कौरव, कीरत कौरव, अमित कौरव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# मेहरागांव में आधार कार्ड शिविर का शुभारंभ ग्रामीणों को साईखेड़ा की दौड़ से मिलेगी मुक्ति



**नवभारत/ साईखेड़ा।** ग्राम पंचायत मेहरागांव के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। पोस्ट ऑफिस विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायत परिसर में एक विशेष आधार कार्ड पंजीकरण एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 06 मार्च 2026 से शुरू होकर 11 अप्रैल 2026 तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर आधार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है मजदूरों और छात्रों को मिलेगा सीधा लाभ स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने या उसमें सुधार करवाने के लिए उन्हें अब तक कई किलोमीटर दूर साईखेड़ा जाना पड़ता था। इससे न केवल उनका पूरा दिन खराब होता था, बल्कि दिहाड़ी मजदूरों को अपनी मजदूरी का नुकसान भी उठाना पड़ता था। स्कूल सत्र शुरू होने वाला है, ऐसे में छात्रों के लिए आधार कार्ड एक अनिवार्य दस्तावेज है। इस शिविर के माध्यम से गरीब तबके और छात्र वर्ग को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। नया पंजीकरण जिन बच्चों या वयस्कों का आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है, उनका नया आधार बनाया जाएगा। त्रुटि सुधार आधार कार्ड में नाम, जन्म तिथि, पता या लिंग संबंधी गलतियों को सुधारा जा सकेगा। अनिवार्य अपडेट 5 और 15 वर्ष की आयु वाले बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। मोबाइल लिंक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार को मोबाइल नंबर से जोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध है।

**घर बैठे ही यह सुविधा**

समय और स्थान ग्राम पंचायत भवन में आयोजित यह शिविर प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित होगा। पंचायत प्रशासन ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने साथ मूल दस्तावेज (जैसे राशन कार्ड, वोटर आईडी, अंकसूची आदि) लेकर आएं ताकि प्रक्रिया में सुगमता बनी रहे।इससे न केवल उनका पूरा दिन खराब होता था, बल्कि दिहाड़ी मजदूरों को अपनी मजदूरी का नुकसान भी उठाना पड़ता था। साईंखेड़ा की दूरी और समय की बर्बादी के कारण कई लोग आधार कार्ड के काम नहीं करा पा रहे थे। ग्राम पंचायत में शिविर लगने से अब घर बैठे ही यह सुविधा मिल सकेगी।



## क्षेत्र में सतत संपर्क में रहते हुए बेहतर व्यवस्था और अच्छी छवि बनाये

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विद्युत आपूर्ति को लेकर आये दिन अघोषित कटौती और मेंटनेंस के नाम पर दिन भर बिजली बंद रखना आम बात हो गई है। जिससे उपभोक्ताओं में विद्युत अधिकारियों के प्रति अविश्वास बढ़ता चला जा रहा है।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए और विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सहायक अभियंता गाडरवारा पी के लोधी द्वारा लाइनमैनों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली गई। जिसमें बिजली आपूर्ति मरम्मत कार्यों की स्थिति एवं उपभोक्ताओं से मिल रही शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई। सहायक अभियंता ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी लाइनमैनों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखें और किसी भी खराबी को तुरंत दुरुस्त करें। और उपभोक्ताओं से सतत् संपर्क संवाद बनाए रखें।मेंटेनेंस के नाम पर अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए।